आकाशवाणी चंडीगढ़

26 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि हरियाणा की जनता बी.जे.पी को एक बार फिर सेवा का मौका देगी।
- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असंध और बरवाला में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। श्री गाँधी ने कहा कि जातिगत जनगणना से वे जानना चाहते हैं कि हिंदुस्तान में किस जाति की कितनी आबादी है।
- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है की कांग्रेस को बताना चाहिए कि कर्नाटक में जातिगत सर्वेक्षण होने के बाद भी इसे लागू क्यूँ नहीं किया जा रहा है?
- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने 50 से अधिक दवाओं को मानक गुणवत्ता के स्तर से नीचे का घोषित किया।
- आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव योगेश्वर शर्मा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

*************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि हरियाणा की जनता बी.जे.पी को एक बार फिर सेवा का मौका देगी। श्री मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरियाणा के भारतीय जनता पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चला रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं को बिना किसी गलत तरीके का सहारा लिए रोजगार मिल रहा है। श्री मोदी ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस गुटबाजी, अंदरूनी कलह और एक-दूसरे से हिसाब बराबर करने में उलझी हुई है। उन्होंने दावा किया कि ऐसी पार्टी कभी भी हरियाणा की जनता का विश्वास नहीं जीत सकती।प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा की नई और पुरानी पीढ़ी के कार्यकर्ताओं की कर्मठता हमेशा उन्हें प्रेरणा देती रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा के कार्यकर्ता दिन रात जुटे हैं और

मेरा बूथ सबसे मज़बूत" के मंत्र के साथ अपना बूथ जीतने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो बूथ जीतता है वही चुनाव जीतता है।

****************************************************************************

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज करनाल जिले में असंध और हिसार के बरवाला में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ पिछले कई दिनों से नाराज चल रही कुमारी शैलजा भी रैलियों में मौजूद रही।

श्री राहुल गांधी ने अपने विदेशों में गए युवाओं की मजबूरी और उनकी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए बी जे पी सरकार को निशाने पर लिया।

केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने इस देश के रोजगार को खत्म कर दिया है। आज जो यह स्थिति पैदा हुई है इसका कारण यह है कि हरियाणा में रोजगार नहीं है। उन्होंने अपने संबोधन में कई बार अदानी का जिक्र किया। उन्होंने हरियाणा में नशों का मुद्दा भी उठाया और कांग्रेस की गारंटियाँ भी गिनाई।जातिगत जनगणना पर राहुल गांधी ने कहा कि चाहते वे जानना हैं कि हिंदुस्तान में किस जाति की कितनी आबादी है

****************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए हरियाणा दौरे पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी ने अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत भी उस कांग्रेस उम्मीदवार शमशेर गोगी के क्षेत्र से की, जिस ने कांग्रेस की सरकार बनने पर भ्रष्टाचार की बात कही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भ्रामक तथ्यों के आधार पर हरियाणा का अपमान कर रहे हैं।सुधांशु त्रिवेदी आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने राहुल गांधी के देश में जातिगत जनगणना कराए जाने की बात पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हर जगह जाकर जातिगत जनगणना की बात करते हैं। ऐसे में पहले वे बताएं कि हरियाणा में मुख्यमंत्री किस जाति से बनाएंगे। श्री सुधांशु ने सवाल किया कि कर्नाटक में तो जातिगत सर्वे हो चुका है, वहां पर इसे लागू क्यों नहीं किया जा रहा है। यही नहीं कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवाती। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कांग्रेस के संकल्प पत्र में दी गई 7 गारंटियों पर भी सवालिया निशान लगाया। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी पर भी प्रतिक्रिया दी। साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना

की। रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में कानून एक प्रक्रिया के तहत चलता है।

**********************************************************************

कैथल में राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज कैथल व गांव पाडला में बी.जे.पी प्रत्याशी लीला राम को वोट देने की अपील की। कैथल में महिलाओं की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि बी जे पी सरकार में ही महिलाओं के हित सुरक्षित हैं। बी जे पी पहली ऐसी पार्टी है, जिसने राजनीति में भी महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का काम किया है। महिलाओं की सुरक्षा की बात हो या योजनाओं की, बी जे पी ने महिलाओं के हित में हमेशा फैसले लिए हैं। बी जे पी की सरकारों में नौकरियां भी मैरिट पर दी जाती हैं।

**********************************************************************

आम आदमी पार्टी के नेता योगेश्वर शर्मा ने आज भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। श्री शर्मा ने अपने हजारों समर्थकों के साथ चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के निवास संत कबीर कुटीर में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने योगेश्वर शर्मा को पार्टी का पटका पहना कर उनका बी जे पी में स्वागत किया। श्री योगेश्वर शर्मा आम आदमी पार्टी में हरियाणा प्रदेश सचिव एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य का दायित्व निभा रहे थे। उनका बीजेपी में आना हरियाणा में आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है।

********************************************************************

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने अपनी रिपोर्ट में 50 से अधिक दवाओं को मानक गुणवत्ता के स्तर से नीचे का घोषित किया है। इन दवाओं में पैरासिटामोल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, कैल्शियम और विटामिन डी3 टैबलेट शामिल हैं।मानक गुणवत्ता के अनुसार सही न पाए गए ये उत्पाद कई कंपनियों द्वारा निर्मित किए गए थे। इन दवाओं के इस्तेमाल के संबंध में चिंताएं बढ़ गई हैं।

**********************************************************************

हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की करनाल की टीम ने आज स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित की जा रही आयुष्मान भारत योजना, पंचकूला की उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि विमल को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया । आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध उसके अस्पताल का निलंबन रद्द करने के बदले में रिश्वत की मांग की थी।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है और इस मामले में सभी आवश्यक सबूत जुटाए जा रहे हैं।

**********************************************************************

भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हरियाणा सरकार ने कुरुक्षेत्र जिले के अंतर्गत पड़ने वाले लाडवा उप मण्डल के नागरिक उपमंडल अधिकारी नसीब कुमार की जगह पंकज कुमार को लाडवा के एस.डी.एम. का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। श्री पंकज कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं और उनके पास कुरुक्षेत्र के जिला नगर आयुक्त और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार भी है। प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा सीट से ही विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

**********************************************************************

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण -ट्राई ने इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली सभी संस्थाओं को निर्देश दिये हैं कि वह संदेशों में यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर - यू.आर.एल के दुरूपयोग को रोकने के लिए उन सभी लिंक्स के आवागमन को ब्लॉक कर दें, जिन्हें श्वेत सूची में नहीं डाला गया है। ट्राई ने यह भी कहा है कि 70 हज़ार से अधिक लिंक्स को श्वेत सूची में डालकर तीन हज़ार से अधिक संदेश भेजने वालों को पंजीकृत किया जा चुका है। दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने कहा कि अनावश्यक संदेशों से उपभोक्ताओं को सुरक्षित रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

**********************************************************************

हरियाणा विरासत एवं पर्यटन विभाग द्वारा कल विश्व पर्यटन दिवस वैश्विक भावना के साथ "पर्यटन और शांति" के थीम अनुसार मनाया जाएगा। विरासत और पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती कला रामचंद्रन ने बताया कि इसके लिए दो दिन तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विभाग " विश्व पर्यटन दिवस पर खाद्य उत्सवों, विरासत की खोज , धार्मिक पर्यटन से लेकर ट्रेनिंग तक की गतिविधियों का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि कि मोरनी हिल्स में ट्रेकिंग, साहसिक गतिविधियों और विरासत की खोज जैसे रोमांचक मंच विभिन्न आयु वर्ग के आगंतुकों और पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वादिष्ट व्यंजनों के प्रेमियों और पाक कला की दुनिया में रुचि रखने वालों के लिए खाद्य उत्सवों का आयोजन पर्यटन विभाग द्वारा अपने पर्यटक रिसॉर्ट्स में किया जाएगा।इसके अलावा शास्त्रीय संगीत, गजल और सूफी कलाकारों की प्रस्तुति होगी। श्रीमती कला रामचंद्रन ने कहा कि इस तरह की पहल से हरियाणा पर्यटन की दृष्टि से विश्व मानचित्र पर उभरेगा।